दिन—मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 23/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि— 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना — आयुष्मान भारत के आज सात वर्ष पूरे हो गए है। सितंबर दो हजार अठारह में रांची से शुरू की गई यह विश्व की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है। इस योजना से देश की स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इससे पचपन करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। यह परिवारों को पांच लाख का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है, जिससे देश भर में कैशलेस और कागज़ रहित उपचार संभव हो पाया है। इस योजना के तहत अब तक दस करोड तीस लाख से अधिक लोगों ने अस्पतालों में पंजीकरण करावाया है। एक करोड अड़तालीस लाख लोगों को कैशलेस की सुविधा दी गई। सोशल मीडिया पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि स्वस्थ भारत, विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत की उल्लेखनीय सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

———————————————————

आज राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य कार्यक्रम अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान—एआईआईए गोवा में आयोजित किया गया है। समारोह का उद्घाटन करते हुये केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लोगों से आयुर्वेद की वैश्विक यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति आज विश्व पटल पर नई ऊंचाईयों का छू रही है। इधर, राजधानी पटना में क्षेत्रीय आयुर्वेद संस्थान अनुसंधान परिषद में **आयुर्वेद जन—जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए** विषय पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न आयुर्वेद केन्द्रों पर परामर्श शिविर भी आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————

राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की आज एक सौ सत्रहवीं जयंती है। आज ही के दिन उन्नीस सौ आठ में बेगूसराय के सिमरिया में उनका जन्म हुआ था। रश्मिरथी, कुरूक्षेत्र और परशुराम की प्रतीक्षा उनकी प्रमुख रचनाएं हैं। इस अवसर पर उनके पैतृक गांव दिनकर ग्राम सिमरिया धाम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रकवि को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि दिनकर ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक चेतना को नई दिशा दी और स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आपातकाल विरोधी आंदोलन तक देशवासियों को प्रेरित किया।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि मां के इस स्वरूप की पूजा करने से तप, त्याग, सदाचार और संयम में वृद्धि होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही लोग पूजा–अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरा वातावरण मां दुर्गा के मंत्रों और भजनों से गुंजायमान है।

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुये शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए तेईस सीमावर्ती जिलों में तीन सौ तिरानवे चौकियां बनाई जायेंगी। अपर पुलिस महानिदेशक, मद्य निषेध अमित कुमार जैन ने बताया कि इनमें से पचास सीमा चौकियां सीमा सुरक्षा बल की होंगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में भी एक सौ छिहत्तर मिरर चेक पोस्ट बनाने का संबंधित राज्यों से अनुरोध किया गया है। इससे सीमा जांच चौकियों से पहले ही संदिग्धों की जांच सुनिश्चित हो सकेगी।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने जमुई, बांका, किशनगंज और भागलपुर सहित आस–पास के इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के पूर्वी दक्षिणी और मध्य भाग में एक से दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।